22–04–2019

# पृथ्वी दिवस पर लिया प्रजातियों के संरक्षण का संकल्प

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के पर्यावरण क्लब और युवा रैड़ क्रॉस द्वारा "पृथ्वी दिवस" आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता ने विद्यार्थियों को धरती के प्रति अपने कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित करने के साथ–साथ प्रजातियों के संरक्षण का संकल्प लेने को कहा। उन्होंने बताया कि पर्यावरण के संतुलन के लिए नदियों, वृक्षों के साथ–साथ जीव–जन्तुओं की प्रजातियों का संरक्षण भी अनिवार्य है। इसलिए उन्होंने महाविद्यालय के बगीचे में पंक्षियों के लिए पानी के बर्तन रख सभी को यह नेक कार्य करने का संदेश दिया। संभाग–I के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 30 विद्यार्थियों को प्रेरक वीडियो के माध्यम से पृथ्वी–दिवस के इतिहास और थीम से अवगत करवाया गया। तत्पश्चात् विद्यार्थियों ने इस विषय पर अपने–अपने विचार प्रस्तुत कर पेड़ लगाने, जीवों की रक्षा करने, सफाई रखने और पत्ते व कचरा न जलाने का संकल्प लिया। पर्यावरण क्लब की संयोजिका श्रीमती किरण आनन्द ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में वर्मी कल्पोस्ट यूनिट की भी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में डॉ. जयपाल सिंह और डॉ. रेखा रानी भी उपस्थित थे।